दिन– बुधवार दिनांक– 20 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में कुल तेरह प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

02. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा – टीआरई–फोर के अभ्यर्थी तैयारी करें। जल्द जारी होगा परीक्षा का शेड्यूल।

03. ऑनलाइन दवा बिक्री पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर दवा दुकानदारों की हड़ताल का प्रदेश में भी दिखा असर।

04. और, राज्य के कई भागों में भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने भभुआ, गोपालगंज और रोहतास में लू चलने का रेड अलर्ट जारी किया।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————

राज्य सरकार ने प्रदेश में विभिन्न विभागों के कई निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कैमूर के कुदरा में पावर प्लांट और ग्रेन बेस्ड इथेनॉल प्लांट लगाने के प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया। कैबिनेट सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने बताया कि नालंदा जिले के बेन में बॉयल राईस उत्पादन केंद्र स्थापित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गयी है।

——साउंड बाइट——

कैबिनेट ने प्रदेश में नये अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर हवाई संपर्क बढ़ाने की नीति के तहत इंडिगो को गयाजी से बैंकॉक सीधी उड़ान की अनुमति दे दी है। श्री चौधरी ने बताया कि एक अन्य फैसल में औरंगाबाद, अरवल और सहरसा में खेल संरचना के विकास और स्टेडियम निर्माण के लिए भूमि के हस्तांतरण के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गयी है।

——साउंड बाइट——

कैबिनेट की बैठक में कुल तेरह एजेंडों पर मुहर लगी है।

———————————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि टीआरई–फोर के लिए अधिसूचना शीघ्र जारी की जाएगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि शिक्षक अभ्यर्थी भरोसा रखें, जल्द टीआरई–फोर परीक्षा का शेड्यूल जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया विधिसम्मत होगी। पटना में टीआरई–फोर अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा कि बाहरी तत्वों के उकसावे में आकर अभ्यर्थी अनावश्यक रूप से विरोध प्रदर्शन न करें।

––साउंड बाइट––

शिक्षा मंत्री श्री तिवारी ने आज पटना के सिन्हा रोड स्थित बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के मुख्य भवन और बुद्धमार्ग स्थित अकादमिक भवन में पूछताछ–सह–शिकायत निवारण केंद्र का उद्घाटन किया। शिकायत निवारण पोर्टल का भी शुभारंभ किया गया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इसकी प्रेरणा उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिली है।

––साउंड बाइट––

————————————————————————————

इधर, शिक्षक अभ्यर्थियों ने आज टीआरई–फोर परीक्षा की तिथि घोषित किये जाने की मांग को लेकर पटना में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पटना विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के समीप अशोक राजपथ पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन जुलूस निकालने के दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प भी हुई। इस दौरान कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

————————————————————————————

खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा है कि राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उत्तम प्रशिक्षण के लिए देश के प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों और अकादमियों में भेजा जाएगा। सुश्री सिंह ने पटना में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। खेल मंत्री ने कहा कि विभागीय कार्यों की नियमित समीक्षा के लिए प्रत्येक सोमवार और बुधवार को बैठक होगी।

————————————————————————————

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर दवा दुकानदारों की हड़ताल का असर प्रदेश में भी दिख रहा है। हड़ताल के समर्थन में बिहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संघ से जुड़े दुकानदारों ने प्रदेश में अधिकांश दवा दुकाने

आज बंद रखी हैं। यह हड़ताल ई–फार्मेसी और ऑनलाइन दवा बिक्री में नियमों के उल्लंघन के विरूद्ध आयोजित की गयी है। हड़ताली दवा दुकानदारों ने कहा है कि मजबूर होकर उन्होंने हड़ताल किया है।

––साउंड बाइट––

हमारे शेखपुरा संवाददाता ने बताया कि जिले में मेडिकल स्टोर बंद रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अन्य जिलों में भी दवा दुकाने बंद रही। इस दौरान सभी प्रमुख अस्पताल आधारित मेडिकल स्टोर और जन औषधि केन्द्र खुले हुए हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से प्रदेश के जनजातीय बहुल गांवों में जनभागीदारी अभियान 'सबसे दूर सबसे पहले' का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना के तहत इन गांवों में शिविर लगाकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से आवेदन लिये जा रहे हैं और उन्हें सरकारी सुविधाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में चिन्हित जनजातीय बहुल गांवों में आज भी शिविर के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। यह आयोजन पच्चीस मई तक चलेगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

सर्वोच्च न्यायालय ने जनगणना, दो हजार सत्ताईस के तहत जाति आधारित जनगणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को आज खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा है कि पिछड़े वर्गों के कल्याणकारी उपाय तैयार करने के लिए सरकार को उनकी संख्या जानना जरूरी है। पीठ ने कहा कि इस तरह के आंकड़े एकत्र करने में कोई बुराई नहीं है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

सर्वोच्च न्यायालय ने आज केंद्र तथा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एक जनहित याचिका पर जवाब मांगा है। इसमें सरकारी कानूनी पैनलों और विधि अधिकारियों की नियुक्तियों में महिला वकीलों के लिए तीस प्रतिशत आरक्षण की मांग की गई है।

————————————————————————

राज्य सरकार ने आज 'ब्रांड बिहार' पहल की घोषणा की। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि राज्यव्यापी इस पहल के तहत प्रदेश में निवेश, नवाचार और अवसरों के विस्तार को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पहल का नेतृत्व स्वयं मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत करेंगे। पटना स्थित मुख्य सचिवालय में आयोजित बैठक में आज 'ब्रांड बिहार पहल' से जुड़ी विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गयी।

————————————————————————

युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग आगामी पच्चीस मई से पटना के ज्ञान भवन में तीन दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन कर रहा है। मेले में स्वास्थ्य और सम्बद्ध क्षेत्र की कई कंपनियां भाग ले रही हैं। इच्छुक अभ्यर्थी बिहार रोजगार सेतु पोर्टल पर पंजीकरण कर नियोजक संस्थानों में आवेदन तथा स्लॉट बुक करा सकते हैं। टोल फ्री नंबर 1800—296—5656 पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

————————————————————————

सहकारिता मंत्री और दानापुर से स्थानीय विधायक रामकृपाल यादव ने आज क्षेत्र में बरसात के दौरान संभावित जल—जमाव की समस्या से निपटने की व्यवस्था की समीक्षा की। दानापुर अनुमंडल कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक मे एसडीएम अनिरुद्ध पांडे समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। श्री यादव ने अधिकारियों को जल—जमाव और अतिक्रमण की समस्या से निपटने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी की स्थिति बनी हुई है। औरंगाबाद, भभुआ, बक्सर, भोजपुर समेत राज्य के दक्षिण—पश्चिम भागों में अधिकांश स्थानों पर पारा बयालीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान भभुआ, गोपालगंज और रोहतास जिले में लू चलने की आशंका को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।

——साउंड बाइट——

विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर जिले का भभुआ प्रदेश का

सबसे गर्म स्थान रहा। इधर, विभाग ने सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्णिया समेत राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर आज आंधी–पानी और वज्रपात की आशंका जताई है।

————————————————————————

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे यात्रियों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर बाईस मई को सात समर स्पेशल ट्रेन चलाएगा। ये ट्रेनें डिब्रूगढ़, गुवाहाटी, अगरतला और न्यू जलपाईगुड़ी समेत पूर्वोत्तर के विभिन्न भागों से राजधानी दिल्ली तक चलेगी। कटिहार रेल मंडल प्रवर वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि छब्बीस मई को इन ट्रेनों की वापसी होगी।

––साउंड बाइट––

————————————————————————

विशेष निगरानी इकाई की टीम ने सहरसा जिले के महिषि अंचल कार्यालय के अंतर्गत बेलाही और सिरवार हल्का के राजस्व कर्मचारी श्याम प्रसाद सिंह को सोलह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने इस मामले में दलाल की भूमिका निभा रहे फूलचंद साह को भी गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों पर जमीन की रसीद काटने के एवज में रिश्वत लेने का आरोप है। एडीजी, निगरानी पंकज कुमार दाराद ने कहा है कि इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

————————————————————————

शेखपुरा जिले के करंडे थाना क्षेत्र अंतर्गत भिखनी गांव से पुलिस ने बैंक ऋण लौटाने में फर्जीवाड़ा करने के आरोपी एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

————————————————————————

भागलपुर जिले में पुलिस लाइन के समीप सड़क पर आज एक पेड़ गिर गया। इस घटना में एक महिला घायल हो गई। जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने घटना स्थल पर पहुंचकर घायल महिला को अस्पताल भेजा और सड़क से पेड़ की टहनियों के हटाने के निर्देश दिये।

————————————————————————

सुपौल जिले के वीरपुर में नगर पट्टी सीमा चौकी के समीप एसएसबी और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर एक तस्कर को गिरफ्तार कर

लिया है। पकड़े गए अपराधी के पास से मादक पदार्थ ब्राउन शुगर और एक देशी पिस्तौल बरामद किया गया है।

———————————————————————————

सीमा सड़क संगठन के अपर महानिदेशक जितेन्द्र प्रसाद ने आज भागलपुर में विक्रमशिला सेतु पर बन रहे बेली ब्रिज का निरीक्षण किया। श्री प्रसाद ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि जून के प्रथम सप्ताह में बेली ब्रिज पर छोटे वाहनों का परिचालन शुरू किये जाने की संभावना है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में कुल तेरह प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

02. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा – टीआरई–फोर के अभ्यर्थी तैयारी करें। जल्द जारी होगा परीक्षा का शेड्यूल।

03. ऑनलाइन दवा बिक्री पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर दवा दुकानदारों की हड़ताल का प्रदेश में भी दिखा असर।

04. और, राज्य के कई भागों में भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने भभुआ, गोपालगंज और रोहतास में लू चलने का रेड अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।